# खास-खबरें

## मुख्यमंत्री ने ममलेश्वर में जलाभिषेक एवं पूजन किया, नर्मदा जल लेकर पहुँचे मंदिर



भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दादा गुरु जी की चौथी 'नर्मदा सेवा परिक्रमा' के समापन अवसर पर मंगलवार को खंडवा जिले के ओंकारेश्वर स्थित ममलेश्वर मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना कर मां नर्मदा के जल से अभिषेक किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान ममलेश्वर से प्रदेशवासियों के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। डॉ. यादव और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, दादा गुरुजी के साथ ओंकारेश्वर के गजानन आश्रम से नर्मदा जल का कलश लेकर पदयात्रा करते हुए ममलेश्वर मंदिर पहुंचे। मांधाता क्षेत्र के विधायक नारायण पटेल मौजूद रहे।

## सीआईएसएफ के स्थापना दिवस पर दी शुभकामनाएं

**भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के स्थापना दिवस पर सभी वीर जवानों और उनके परिजनों को शुभकामनाएं दी हैं। सीआईएसएफ के जवानों के अनुशासन, प्रतिबद्धता और समर्पण पर संपूर्ण राष्ट्र को गर्व है।

## मंत्री परमार से भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी रजत पाटीदार ने की सौजन्य भेंट



**भोपाल :** उच्च शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार से, भोपाल स्थित निवास पर मंगलवार को भारतीय क्रिकेट के खिलाड़ी एवं इंडियन प्रीमियर लीग की रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर टीम के कप्तान रजत पाटीदार ने सौजन्य भेंट की। श्री परमार ने कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम के प्रतिभाशाली खिलाड़ी श्री रजत पाटीदार, प्रदेश और मालवा की पावन धरती के गौरव हैं। श्री पाटीदार की मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि रजत पाटीदार पर मालवा सहित पूरे प्रदेश को गर्व है। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य और आने वाली उपलब्धियों के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ भी प्रेषित की।

## राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती राहटकर करेंगी जनसुनवाई

**भोपालः** महिलाओं से जुड़ी शिकायतों और समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विजया राहटकर बुधवार 11 मार्च को राजधानी में जनसुनवाई करेंगी। श्रीमती राहटकर दोपहर 1.30 बजे शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या महाविद्यालय में महिलाओं से संबंधित विभिन्न शिकायतों और समस्याओं को सीधे सुनेंगी। जनसुनवाई में महिलाओं को अपनी समस्याएँ और शिकायतें सीधे राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष के समक्ष रखने का अवसर मिलेगा, जिससे उनके मामलों के शीघ्र समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी।

# आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सुचारु है घबराने की जरूरत नहीं : डॉ.यादव

### खाड़ी देशों की स्थिति के बीच नागरिक आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में खाद्य एवं आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को लेकर किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है।

राज्य में सभी आवश्यक संसाधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं, इसलिए लोगों को घबराने या किसी प्रकार की पैनिक स्थिति पैदा करने की जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में आपूर्ति व्यवस्था का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

मुख्यमंत्री मंगलवार को मंत्रालय में खाड़ी देशों में उपजी परिस्थितियों के मद्देनजर आयोजित खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार वैश्विक परिस्थितियों पर लगातार नजर बनाए हुए है और उसके मार्गदर्शन में राज्य सरकार भी पूरी सतर्कता के साथ काम कर रही है। प्रदेश में खाद्य पदार्थ, गैस और तेल की उपलब्धता पर्याप्त है और कहीं भी आपूर्ति में बाधा नहीं है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि आपूर्ति व्यवस्था की निगरानी के लिए तीन सदस्यीय मंत्री और अधिकारियों की समिति गठित की गई है, जो प्रदेश में आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता और वितरण पर लगातार नजर रखेगी। समिति यह सुनिश्चित करेगी कि किसी भी स्थिति में नागरिकों को आवश्यक वस्तुओं की कमी का सामना न करना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि खाड़ी देशों में रह रहे भारतीय नागरिकों, विशेषकर मध्यप्रदेश के लोगों की सुरक्षित स्वदेश वापसी के लिए राज्य सरकार केंद्र सरकार के लगातार संपर्क में है। राज्य सरकार द्वारा स्थापित हेल्पलाइन के माध्यम से अब तक 255 लोगों ने संपर्क किया है और उनकी सुरक्षित वापसी के लिए प्रयास तेज किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों की सहायता के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएं।

# विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती प्रक्रिया को बनाएं अधिक आकर्षक : शुक्ल



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंगलवार को मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने, चिकित्सा शिक्षा के विस्तार और आवश्यक मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। श्री शुक्ल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेजों और स्वास्थ्य संस्थाओं के उन्नयन से संबंधित प्रस्ताव सभी आवश्यक औपचारिकताओं के साथ शीघ्र तैयार कर पीएससी की स्वीकृति के लिए भेजे जाएं। उन्होंने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेजों की प्रगति की भी समीक्षा की और बुधनी, छतरपुर तथा दमोह में बन रहे मेडिकल कॉलेजों के कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन मेडिकल कॉलेजों में शैक्षणिक स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया भी जल्द पूरी की जाए, ताकि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग से आवश्यक अनुमोदन प्राप्त कर आगामी शैक्षणिक सत्र से इन संस्थानों का संचालन शुरू किया जा सके। इससे प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा के अवसर बढ़ेंगे और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। उन्होंने प्रदेश में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती प्रक्रिया और उससे जुड़े प्रावधानों को अधिक आकर्षक बनाया जाए, ताकि योग्य और अनुभवी डॉक्टरों की नियुक्ति सुनिश्चित की जा सके और नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने एएनएम भर्ती परीक्षा के रिक्त पदों की काउंसलिंग शीघ्र पूर्ण कर पदस्थापना करने के निर्देश भी दिए। बैठक में अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा अशोक बर्नवाल तथा आयुक्त धनराजु एस उपस्थित थे।

### नेता प्रतिपक्ष ने सूचना आयुक्त के रिक्त पदों पर उठाए सवाल

# विजयपुर मामले में सुको जाने की बात भाजपा पर दबाव की राजनीति का आरोप



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मप्र विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मंगलवार को अपने निवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में विजयपुर प्रकरण, बढ़ती महंगाई और सूचना आयुक्त की नियुक्ति सहित कई मुद्दों पर सरकार को घेरा।

उन्होंने कहा कि विजयपुर मामले में न्यायालय के फैसले का सम्मान किया जाता है, लेकिन न्याय के लिए कांग्रेस सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगी। सिंघार ने कहा कि लोकतंत्र में न्यायिक प्रक्रिया सर्वोपरि होती है और जिला न्यायालय से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक न्याय पाने का अधिकार सभी को है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कानूनी सलाह लेकर इस मामले में आगे की कार्रवाई करेगी।

नेता प्रतिपक्ष ने भाजपा पर दबाव की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी चुनाव से डरती है और जनता के बीच जाने से बच रही है। उन्होंने कहा कि कई मामलों में न्यायिक प्रक्रियाएं लंबे समय से लंबित हैं, जिससे सवाल खड़े होते हैं। सिंघार ने यह भी कहा कि कुछ प्रकरणों में न्यायालय के नोटिस के बाद ही सुनवाई की बात सामने आती है।

अंतरराष्ट्रीय हालात पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि ईरान-इज़राइल के बीच तनाव के कारण वैश्विक परिस्थितियां बदल रही हैं और महंगाई बढ़ने की आशंका है। सरकार लगातार समीक्षा बैठकों की बात कर रही है, लेकिन केवल बैठकों से जनता को राहत नहीं मिलती। श्री सिंघार ने मांग की कि केंद्र सरकार पेट्रोल, डीजल और गैस सिलेंडर पर लगाए गए टैक्स में कटौती करे, ताकि आम जनता को महंगाई से राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि टैक्स कम होने से ईंधन की कीमतें घटेंगी और इसका सीधा लाभ लोगों को मिलेगा। उन्होंने सूचना आयुक्त की नियुक्ति के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा।

सिंघार ने कहा कि तीन पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू होने के बावजूद केवल दो पदों को ही भरा जा रहा है, जिससे सूचना के अधिकार से जुड़ी सेवाओं पर असर पड़ सकता है। उन्होंने सभी रिक्त पद जल्द भरने की मांग की।

## स्व. माधवराव सिंधिया को दी श्रद्धांजलि

**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देश के लोकप्रिय राजनेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. माधवराव सिंधिया की जयंती पर नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। डॉ. यादव ने कहा कि स्व. सिंधिया की दूरदर्शिता से शिक्षा, खेल, पर्यटन, रेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति के नए आयाम स्थापित किए। स्व. माधवराव सिंधिया ने आधुनिकता, लोक कल्याण और नवाचार से देश के प्रति उनका समर्पण सदैव वंदनीय रहेगा।

## समाज सेविका सावित्री बाई फुले को किया नमन

**भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महिला सशक्तिकरण की प्रतिमान, समाज सेविका श्रीमती सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर नमन किया और कहा कि श्रीमती सावित्रीबाई फुले ने छुआछूत, सती प्रथा, बाल-विवाह जैसी कुरीतियों से समाज को मुक्त कराने के लिए उनके प्रयास नारी सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में नए युग का सूत्रपात करते हैं।

# चैत्र नवरात्रि में बगलामुखी मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश प्रतिबंधित



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** आगरमालवा जिले के नलखेड़ा स्थित विश्व प्रसिद्ध पीताम्बरा सर्व सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर में आगामी चैत्र नवरात्रि महापर्व 19 से 27 मार्च तक श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने विशेष व्यवस्थाएं लागू की हैं।

मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं तहसीलदार नलखेड़ा द्वारा जारी आदेश के अनुसार नवरात्रि के पूरे नौ दिनों तक मां बगलामुखी के गर्भगृह में प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। श्रद्धालु इस अवधि में त्रिशूल मंडप से ही माता के सुलभ दर्शन कर सकेंगे। मंदिर प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह व्यवस्था सभी श्रद्धालुओं पर समान रूप से लागू होगी। सामान्य, वीआईपी और वीवीआईपी सहित सभी प्रकार के दर्शनार्थियों को निर्धारित व्यवस्था के अनुसार ही दर्शन करने होंगे। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे मंदिर परिसर में अनुशासन बनाए रखें और शांतिपूर्वक दर्शन कर सहयोग प्रदान करें। गौरतलब है कि नलखेड़ा स्थित यह पीताम्बरा सर्व सिद्धपीठ देशभर में आस्था का प्रमुख केंद्र है। नवरात्रि के दौरान यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु, साधक, संत-महात्मा तथा विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े वीआईपी और वीवीआईपी भी देवी दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इस दौरान मंदिर में हवन, पूजन और विशेष अनुष्ठानों का आयोजन भी किया जाता है।

# जीवाजी वेधशाला के कैलेंडर-2026 का किया विमोचन

### खगोलीय घटनाओं की जानकारी सहज रूप से होगी प्राप्त : उदय प्रताप



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने मंगलवार को मंत्रालय स्थित प्रतिकक्ष में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान मप्र द्वारा प्रकाशित कैलेंडर-2026 का विमोचन किया।

श्री सिंह ने कहा कि यह कैलेंडर खगोल विज्ञान, ज्योतिष और भारतीय पंचांग परंपरा में रुचि रखने वालों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। साथ ही विद्यार्थियों और आमजन को भारतीय कालगणना एवं खगोलीय घटनाओं की जानकारी भी सहज रूप से प्राप्त होगी। जीवाजी वेधशाला, उज्जैन द्वारा निर्मित कैलेंडर की थीम खगोल एवं ज्योतिष ग्रह रखी गई है। हिंदी तिथियों के प्रारंभ एवं अंत का समय 24 घंटे के प्रारूप में दिया गया है। इसके साथ ही कैलेंडर प्रत्येक माह की प्रमुख खगोलीय घटनाओं, त्योहारों और अन्य महत्वपूर्ण विषयों से संबंधित जानकारी भी विस्तार से दी गई है। विमोचन के दौरान महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान के निदेशक डॉ. रवीन्द्र कुमार सिंह, सहायक संचालक केके सोनी, पुरुषोत्तम तिवारी तथा ओपन स्कूल के उप संचालक डॉ. रमाकांत तिवारी उपस्थित रहे।

# चार प्रमुख क्रिकेट प्रतियोगिताओं में डीजीपी इलेवन बनी विजेता

### खिलाड़ियों ने डीजीपी कैलाश मकवाणा से की सौजन्य भेंट



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश पुलिस की डीजीपी इलेवन क्रिकेट टीम ने वर्तमान खेल सत्र में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार प्रमुख क्रिकेट प्रतियोगिताओं में विजेता बनकर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि के बाद टीम के खिलाड़ियों ने पुलिस मुख्यालय पहुंचकर पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा से सौजन्य भेंट की।

इस अवसर पर डीजीपी मकवाणा ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस के अधिकारी और कर्मचारी अपने कर्तव्यों के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, जो संगठन के लिए गर्व की बात है। उन्होंने टीम के अनुशासन, टीम भावना और खेल के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने के लिए प्रेरित किया। डीजीपी इलेवन टीम ने हमीदिया कप टी-10 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में गिल्ट फ्री टीम को हराकर खिताब अपने नाम किया। इस मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के लिए विशाल भदौरिया को मैन ऑफ द फाइनल चुना गया। इसके अलावा टीम ने स्व. हुकुम सिंह ठाकुर स्मृति डिपार्टमेंटल क्रिकेट प्रतियोगिता में नगर निगम कमिश्नर एकादश को पराजित कर चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया।

इस मैच में अरुण सिंह ने प्रभावी गेंदबाजी करते हुए चार विकेट लिए और मैन ऑफ द मैच बने। महेश्वर खेल-कूद शिक्षण एवं सामाजिक संस्था द्वारा आयोजित 18वीं चैलेंजर ट्रॉफी के विभागीय फाइनल में डीजीपी इलेवन ने जिला पुलिस बल भोपाल को 121 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 20 ओवर में 218 रन बनाए, जबकि लक्ष्य का पीछा करते हुए विपक्षी टीम 97 रन पर सिमट गई। इसके साथ ही टीम ने 31वें इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट में भी विजेता बनकर अपनी श्रेष्ठता साबित की। इस प्रतियोगिता में अंकुश सराठे ने चार विकेट लेकर टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## वकीलों के विरोध के बीच सुसनेर एसडीएम हटाए गए, किरण बरबड़े को मिली जिम्मेदारी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** सुसनेर और नलखेड़ा अभिभाषक संघ के साथ चल रहे विवाद के बीच जिला प्रशासन ने बड़ा प्रशासनिक फैसला लेते हुए सुसनेर के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) सर्वेश कुमार यादव को पद से हटा दिया है। कलेक्टर प्रीति यादव ने मंगलवार को आदेश जारी कर उन्हें कलेक्टर कार्यालय आगरमालवा में पदस्थ किया है।

जारी आदेश के अनुसार कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ प्रभारी डिप्टी कलेक्टर किरण बरबड़े को सुसनेर-नलखेड़ा का नया अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नियुक्त किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

दरअसल, सुसनेर और नलखेड़ा अभिभाषक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को कलेक्टर से मुलाकात कर एसडीएम सर्वेश यादव की कार्यप्रणाली को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। अभिभाषक संघ के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि एसडीएम की कार्यशैली के कारण आम नागरिकों, पक्षकारों और अधिवक्ताओं को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अधिवक्ताओं का कहना था कि मामलों के निपटारे में पारदर्शिता की कमी और अपेक्षित सहयोग नहीं मिलने से न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। संघ ने बताया कि 13 फरवरी 2026 को हुई बैठक में एसडीएम के खिलाफ प्रस्ताव पारित कर उनके न्यायालय का सामूहिक बहिष्कार किया गया था, जिसकी जानकारी प्रशासन को भी दी गई थी। इसके बावजूद कार्रवाई नहीं होने पर अभिभाषक संघ ने 9 मार्च को बैठक कर निर्णय लिया था कि 11 मार्च से एसडीएम न्यायालय के सामने शांतिपूर्ण क्रमिक धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।




मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादकः डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादकः अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com